राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर

अपील संख्या :– 475/2022

डॉ॰ चेतना चौधरी —अपीलार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिए प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर एवं अन्य।

—प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 09.11.2023

उपस्थित –
अपीलार्थी की ओर से : कोई उपस्थित नहीं
प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)
असलम मेहर, सदस्य

आदेश

इस अपील में अपीलार्थी ने स्थानांतरण आदेश दिनांक 03.08.2022 को को चुनौती दी है, जिसके द्वारा अपीलार्थी का पदस्थापन सीएचसी कोटकासिम अलवर से उप जिला चिकित्सालय जायल नागौर में किया गया। इस अपील में अपीलार्थी के पक्ष में कोई भी अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया था। ऐसे में अभी तक आलोच्य दिनांक 03.08.2022 प्रभावी रहा है। स्थानांतरण आदेश पारित हुए 1 वर्ष 3 माह से अधिक समय हो चुका है।

अतः स्थानांतरण आदेश में इतने अधिक समय के पश्चात् हम हस्तक्षेप करना उचित नहीं पाते है। परिणामस्वरूप यह अपील खारिज की जाती है।

(असलम मेहर)
सदस्य

(अनन्त भण्डारी)
सदस्य (न्यायिक)